**Ref. No./BS&G UK/SHQ/ 6264-6364/2026** **Date – 17/06/2026** सशक्त युवा, विकसित भारत

From,
State Secretary
The Bharat Scouts & Guides Uttarakhand

To,
District Chief Commissioners and Chief Education Officers:
***Districts- Almora/ Nainital/Pithoragarh/Bageshwar/Champawat/ Dehra Dun/ Udham Singh Nagar/ Haridwar/ Pauri/Chamoli/Rudra Prayag/Tehri/Uttarkashi/Shanti Kunj***

**Subject: Forwarding Information regarding Upcoming National Programme(s)**

Dear Sir,

Please note that the State Headquarters is in receipt of the below mentioned programme(s) from the National Headquarters please find the attached mail which are to be forwarded to the eligible participants from Schools and the Degree/ PG Colleges in your respective district.

| S No. | Circular No. | Date | Subject |
|---|---|---|---|
| 1. | NHQ 149/ 2026 | 10/06/2026 | National Rover & Ranger Moot at Morni Nature Camp Site village Bhuri, Morni, District Panchkula Haryana from 24th to 28th Sept' 2026 |
| 2. | NHQ 150/ 2026 | 11/06/2026 | Eligibility for Messenger of Peace (MOP) Ring Badge |
| 3. | NHQ 153/ 2026 | 16/06/2026 | "My Uniform Story" – Diamond Jubilee writing Challenge – Diamond Jubilee Edition – June 2026 |

You are hereby requested to forward it to the eligible candidates from your district enabling them to participate in the aforesaid programmes.

***Attachment(s): - Copy of NHQ Circular(s)***

**"Creating Better Uttarakhand"**

Yours in Scouting

RAVINDRA MOHAN KALA
Digitally signed by RAVINDRA MOHAN KALA
Date: 2026.06.17 12:56:17 +05'30'

(R M Kala)
**UID- BSG798627234**
State Secretary
The Bharat Scouts & Guides Uttarakhand

**Copy to: -**

1. State Chief Commissioner, The Bharat Scouts & Guides Uttarakhand (Ex-Officio- Director Secondary Education Uttarakhand Govt.)
2. State Commissioner (Scout/ Guide) The Bharat Scouts & Guides Uttarakhand
3. Director, Higher Education, Uttarakhand
4. Regional Officer, CBSE Regional Office Kaulagarh Road, Dehra Dun
5. Joint Director, Higher Education, Uttarakhand
6. State Organizing Commissioner (Scout/ Guide) The Bharat Scouts & Guides Uttarakhand
7. District Secretaries, The Bharat Scouts & Guides Uttarakhand
8. Principal, All PG and Degree Colleges (Kumaon and Garhwal Division) Uttarakhand State

**Circular No.: 149/ 2026**
**Date : 10.06.2026**

To
All the State Secretaries,
State Associations of
The Bharat Scouts and Guides,
**INDIAN UNION**

**SUB: NATIONAL ROVER & RANGER MOOT AT MORNI NATURE CAMP SITE, VILLAGE BHURI, MORNI, DISTRICT-PANCHKULA, HARYANA FROM 24TH TO 28TH SEPTEMBER 2026.**

Dear Sir/Madam,

We are glad to inform you that the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters is going to organize National Rover & Ranger Moot to be hosted by Haryana State at Morni Nature Camp Site, Village Bhuri, Morni District- Panchkula, Haryana from 24th to 28th September 2026. Details of the event are as under:

| | | |
|---|---|---|
| **Name of the Event** | : | **National Rover & Ranger Moot** |
| **Date** | : | **24th to 28th September 2026** |
| **Date of Arrival** | : | 24th September 2026 before lunch. |
| **Date of Departure** | : | 28th September 2026 after lunch. |
| **Venue** | : | Morni Nature Camp Site, Village Bhuri, Morni, District - Panchkula, Haryana |
| **How to reach** | : | ➢ Regular Bus/Trains services are available upto Chandigarh<br>➢ From Chandigarh Railway Station or Chandigarh Bus Stand take local Bus/Auto Rickshaw and get down at Panchkula Bus Stand.<br>➢ From Panchkula bus stand, board bus to Morni Town and get down at Bhuri village.<br>➢ From there, the campsite is walkable distance. **Contact Person:**<br>➢ **Ramkumar, DOC (S)- 94661726612**<br>➢ **Shri Anil Kaushik, SOC(S)- 64661155983**<br>➢ **Shri L.S. verma, STC(S) – 6466172661**<br>➢ **Shri Mahinder Sharma, Assistant Director (RD&SA), BSG, NHQ - 8570975289** |
| **Eligibility** | : | Rovers and Rangers aged between 16 and 25 years are eligible to apply. Applicants must possess a minimum qualification of Nipun Badge. |
| **Activities** | | Skill based activities like First Aid, Mapping, Pioneering, Estimation, BWM Cooking, Debate, Quiz, Group Discussion, Youth Forum, Hike, Adventure activities, Cultural Programmes etc. |

| | | |
|---|---|---|
| **Contribution to Scout/Guide Welfare fund** | : | Total ₹2000/- (Two Thousand only) per head is to be contributed as Scout/Guide Welfare fund and is to be remitted in the following Bank Account of the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters.<br>**Account No - 1075842422**<br>**IFSC Code - CBIN0281467** |
| **Financial Assistance** | : | On receipt of Grant-In-Aid from the Government of India Food subsidy @Rs. 70/- per day per head i.e. @ Rs. 350/- per head & travel subsidy maximum @ Rs. 550/- per head or actual whichever is less will be reimbursed by the National Headquarters to the participants directly or through the State Association. Please ensure participants to bring their bank account details with them.<br><br>**NOTE: Participants of Railway States are requested to utilize Railway pass accordingly.** |
| **Quota** | : | **4 Rovers, 4 Rangers & 01 Ranger Leader from each state may be deputed.** Selection will be made on the basis of **"First Come First Serve"** (since, the quota is limited, National Headquarters have the right to reject/accept the registration after the completion 200 number of participants).<br>**Note: If we fail to receive confirmation by 15th August 2026 additional quota will be allotted to other States. Hence, your state will miss the opportunity.** |
| **What to Carry** | : | **INDIVIDUAL KIT:** Two set of correct and complete uniform as per APRO Part – II/III, Track Suit, Sleeping Bag, Sleeping Mat, Sleeper, Jacket, Warm Clothing's, Plate, Mug, Spoon, Writing Materials, Note Book, First-Aid Kit, Lunch Box, Water bottle, torch with extra cell, Personal dress,<br>Traditional Costumes for Camp-Fire etc. |
| **Last Date of Application** | : | Application of the nominated candidate **(enclosed Application)** should reach the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters, New Delhi at **adregionaldesk@bsgindia.org** with a copy to State Secretary, BSG, Haryana State at **haryanastatebsg@yahoo.co.in** on or before **15/08/2026** along with the details of arrival and departure itinerary of the participating contingent.<br>**Note: Please ensure online registration at https://bsgevents.in/events/EwtzqtLOZbTf9Leca9wp Is Mandatory. Without online registration and valid BSG UID candidates will not be admitted.**<br><br>**NB:**<br>**1. Please attach bank remittance slip to authenticate the payment transfer.**<br>**2. Without deputation letter of the State, Medical & Risk Certificate, participants will not be admitted** |

The State Associations are requested to encourage and promote participants and submit the name of the interested & deserving candidate to the National Headquarters on or before 15th August 2026 along with application form, Medical & Risk Certificate. Late receipt of applications will not be entertained.

Thanking You,

Your sincerely,

**(Amar B. Chettri)**
Joint Director of Scouts (Prog. & Trg.)

**Encl: Application Form, Medical & Risk Certificate**

**Copy to: -**
1. All the NHQ Office Bearers of the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters.
2. Chairman/Secretary, Railway Scout and Guide Board, Rail Bhawan, New Delhi.
3. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18 Institutional Area, Shahid Jeet Singh Marg, New Delhi - 110016.
4. The Commissioner, Navadaya Vidyalaya Samiti, Institutional Area, B-15, Sector - 62, Noida, Uttar Pradesh – 201309.
5. The Commissioner NESTS
6. The Director, DAV
7. All the District Secretaries, District Association of Dammam, Riyadh, Muscat, Bahrin.
8. All Assistant Directors, Bharat Scouts and Guides for follow-up please.

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

## राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
**भारतीय संघ**

**परिपत्र संख्या : 149/2026**
*दिनॉक : 10 जून, 2026*

**विषयः राष्ट्रीय रोवर एवं रेंजर मूट, मोरनी नेचर कैंप साइट, ग्राम भूरी, मोरनी, जिला पंचकुला, हरियाणा में 24 से 28 सितंबर 2026 के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय रोवर एवं रेंजर मूट का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी हरियाणा राज्य द्वारा मोरनी नेचर कैंप साइट, ग्राम भूरी, मोरनी, जिला पंचकुला, हरियाणा में 24 से 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा।

**कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार हैः**

| | | |
|---|---|---|
| **कार्यक्रम का नाम** | | **राष्ट्रीय रोवर एवं रेंजर मूट** |
| **तिथि** | | 24 से 28 सितंबर 2026 |
| **आगमन तिथि** | | 24 सितंबर 2026 (दोपहर के भोजन से पूर्व) |
| **प्रस्थान तिथि** | | 28 सितंबर 2026 (दोपहर के भोजन के पश्चात) |
| **स्थान** | | मोरनी नेचर कैंप साइट, ग्राम भूरी, मोरनी, जिला पंचकुला, हरियाणा। |
| **कैसे पहुँचें** | | ➢ चंडीगढ़ तक नियमित बस एवं रेल सेवाएं उपलब्ध हैं।<br>➢ चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन अथवा चंडीगढ़ बस स्टैंड से स्थानीय बस/ऑटो रिक्शा द्वारा पंचकुला बस स्टैंड पहुंचें।<br>➢ पंचकुला बस स्टैंड से मोरनी टाउन के लिए बस लें तथा भूरी गांव में उतरें।<br>➢ वहां से कैंप स्थल पैदल दूरी पर स्थित है।<br>**संपर्क व्यक्तिः**<br>➢ **श्री रामकुमार, डी.ओ.सी. (स्काउट) – 94661726612**<br>➢ **श्री अनिल कौशिक, एस.ओ.सी. (स्काउट) – 64661155983**<br>➢ **श्री एल. एस. वर्मा, एस.टी.सी. (स्काउट) – 6466172661**<br>➢ **श्री महिंदर शर्मा, सहायक निदेशक (आर.डी. एवं एस.ए.), बी.एस.जी., राष्ट्रीय मुख्यालय – 8570975289** |
| **पात्रता** | | 16 से 25 वर्ष आयु वर्ग के रोवर एवं रेंजर आवेदन करने के पात्र हैं। आवेदकों के पास न्यूनतम निपुण बैज की योग्यता होना अनिवार्य है। |
| **गतिविधियाँ** | | प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), मानचित्रण (मैपिंग), पायनियरिंग, अनुमान (एस्टिमेशन), बी.डब्ल्यू.एम. कुकिंग, वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी, समूह चर्चा, युवा मंच (यूथ फोरम), हाइक, साहसिक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कौशल–आधारित गतिविधियों का |

| | | |
|---|---|---|
| | | आयोजन किया जाएगा। |
| **स्काउट/गाइड कल्याण निधि** | | प्रत्येक प्रतिभागी को ₹2000/– (केवल दो हजार रुपये) स्काउट/गाइड कल्याण निधि के रूप में जमा करना होगा। यह राशि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के निम्नलिखित बैंक खाते में जमा करना होगा।<br><br>**खाता संख्या : 1075842422**<br>**आई.एफ.एस.सी. कोड : CBIN0281467** |
| **वित्तीय सहायता** | | राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा खाद्य अनुदान ₹70/– प्रत्येक प्रतिभागी प्रतिदिन की दर से (अर्थात कुल ₹350/–) तथा यात्रा व्यय ₹550/– प्रत्येक प्रतिभागी अथवा वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, रेल/बस टिकट प्रस्तुत करने पर प्रतिपूर्ति किया जाएगा। यह अनुदान भारत सरकार से अनुदान सहायता प्राप्त होने के पश्चात बैंक हस्तांतरण के माध्यम से दिया जाएगा। पंजीकरण के समय प्रतिभागियों को अपने बैंक खाते का विवरण यात्रा व्यय बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा।<br><br>**कृपया ध्यान दें: रेलवे राज्यों के प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे रेलवे पास का उपयोग करें।** |
| **कोटा आवंटन** | | **प्रत्येक राज्य से 04 रोवर, 04 रेंजर एवं 01 रेंजर लीडर को नामित किया जा सकता है।**<br><br>प्रतिभागियों का चयन **"पहले आएं, पहले पाएं"** के आधार पर किया जाएगा। चूंकि प्रतिभागियों की संख्या सीमित है, अतः राष्ट्रीय मुख्यालय को 200 प्रतिभागियों की संख्या पूर्ण होने के पश्चात पंजीकरण स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।<br>**नोटः यदि दिनांक 15 अगस्त 2026 तक राज्य से पुष्टि प्राप्त नहीं होती है, तो अतिरिक्त कोटा अन्य राज्यों को आवंटित कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में आपका राज्य इस अवसर से वंचित रह जाएगा।** |
| **क्या लाएं** | | **व्यक्तिगत किटः** ए.पी.आर.ओ. भाग–2 एवं भाग–3 के अनुसार पूर्ण एवं सही वर्दी के दो सेट, ट्रैक सूट, स्लीपिंग बैग, स्लीपिंग मैट, चप्पल, जैकेट, गर्म वस्त्र, थाली, मग, चम्मच, लेखन सामग्री, नोटबुक, प्राथमिक उपचार किट (फर्स्ट–एड किट), लंच बॉक्स, पानी की बोतल, अतिरिक्त सेल सहित टॉर्च, व्यक्तिगत वस्त्र तथा कैम्प–फायर हेतु पारंपरिक वेशभूषा आदि। |
| **आवेदन की अंतिम तिथि** | | नामित अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र **(संलग्न प्रपत्र)** दिनांक **15 अगस्त 2026** अथवा उससे पूर्व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली की ई–मेल आईडी adregionaldesk@bsgindia.org पर तथा उसकी प्रति राज्य सचिव, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, हरियाणा राज्य की ई–मेल आईडी haryanastatebsg@yahoo.co.in पर प्रेषित करें। साथ ही प्रतिभागी दल के आगमन एवं प्रस्थान कार्यक्रम का विवरण भी अनिवार्य रूप से भेजा जाए।<br><br>नोट : ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।<br>https://bsgevents.in/events/EwtzqtLOZbTf9Leca9wp बिना ऑनलाइन पंजीकरण एवं वैध बीएसजी यूआईडी के किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।<br><br>**महत्वपूर्ण :**<br>1. **:भुगतान हस्तांतरण की पुष्टि हेतु बैंक जमा/प्रेषण रसीद आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।**<br>2. **राज्य द्वारा जारी नामांकन/प्रतिनियुक्ति पत्र, चिकित्सा प्रमाण–पत्र एवं जोखिम प्रमाण–पत्र के बिना किसी भी प्रतिभागी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।** |

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे अधिकाधिक पात्र प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें तथा इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों के नाम आवेदन–पत्र, चिकित्सा प्रमाण–पत्र एवं जोखिम प्रमाण–पत्र सहित दिनांक **15 अगस्त 2026** तक राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

सादर धन्यवाद,

भवदीय,

**(अमर बी0 छेत्री)**
**संयुक्त निदेशक स्काउट्स (प्रशिक्षण एवं कार्यक्रम)**

**संलग्न : आवेदन फार्म, चिकित्सा एवं जोखिम प्रमाण–पत्र**

**प्रतिलिपिः**

1. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टिट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर – 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201309
5. आयुक्त, एनईएसटीएस।
6. निदेशक, डी0ए0वी0।
7. समस्त जिला सचिवों, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं बहरीन जिला संघ।
8. सभी सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES**
Creating - Better India
Since 1909

# APPLICATION FORM

**NAME OF THE PROGRAMME:**______________________________________________

**FROM**______________________**TO** ____________________**PLACE:** ____________________________

**BSG UID:** **(ONLY FOR BSG UNIFORM MEMBERS)**_______________________________________

| PHOTO |
|---|

1. Name of the Applicant (In Capital): ________________________________________
2. Father's Name: ________________________________________________________
3. Home Address (In Capital): ____________________________________________
_______________________________________________________________________
4. Dist.___________________State ___________________Pin Code ________________
5. Date of Birth DD / MM / YYYY________ AGE: ____ Gender: ___________ Status: Single/ Married __________
6. Telephone/Mobile No. ______________________E-mail____________________________________
7. Aadhar No:

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

8. Experience in BSG ________________________________________________________
9. Educational Qualification ____________________________________________________
10. Technical Qualification: _____________________________________________________
11. Have you attended any NYAP/NAP Event? If so, give details______________________________
12. Have you attended any International Event? If so, give details __________________________
13. Food Preference: - Vegetarian or Eggetarian: ____________________________________
14. Special Hobbies or any other information: ______________________________________
15. Online Transfer (Transaction Details)

UTR / UPI Number ______________________________________Date _____________(Copy Enclosed)

**Signature of the Applicant**

## DECLARATION

- I agree to adhere to the discipline of the movement and programme in particular and abide by the rules and regulations of the Bharat Scouts and Guides during the whole event.
- In case of any accident, illness or injury, manmade or natural, I will not hold the Bharat Scouts and Guides responsible at all.
- My age is _______and I am physically & medically Fit for Trekking in high altitude.
- I further declare that I have not been in contact with any infectious disease for the past one month and that I am keeping good health & physically fit.
- Emergency Contact detail: - Name ____________________________________________________
- Mobile No. ________________________________
- Relation with applicant _________________________________

**Signature of the Applicant**

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
Creating - Better India
Since 1909

# MEDICAL CERTIFICATE

1. Name ____________________________________________________________
2. Address __________________________________________________________
3. Height ___________________Weight______________Blood Group________________
4. Present/Past illness of Significance ___________________________________________
5. Injuries / Operations undergone and present condition ______________________________
6. Any known allergy to drugs or food stuff ________________________________________
7. Is the Applicant Suffering from
   I. Any Infectious disease — Yes / No
   II. Any Skin disease — Yes / No
   III. Mental disease — Yes / No
   IV. Heart Trouble — Yes / No
   V. Asthma — Yes / No
   VI. Malaria Test — Yes / No
   VII. Any other disease/defect — Yes / No
8. I, on this date _______________have examined Mr./Miss _______________and found Him / Her medically fit/unfit to undergo a National Rover & Ranger Moot at Morni Nature Camp Site, Panchkula, Haryana.

Doctor Signature
Registration Number &
Designation Office Seal

Date: ___________________

**Note : This certificate has to be signed by Registered MBBS Doctor**

---

## ***RISK CERTIFICATE/PARENT-CONSENT***

It is certified that my son/daughter / ward Mr./ Miss ________________________________is joining the above mentioned National Rover & Ranger Moot at Morni Nature Camp Site, Panchkula, Haryana with my consent and the organizer shall not be responsible for any illness, injury or accident during the event or journey periods for the purpose. It is further certified that he/she is physically fit to undergo the said vigorous programme.

**Signature of Parent / Guardian**

Relationship with participant ______________________________
Name ____________________________________________
Address __________________________________________
__________________________________________________
Aadhar No:_________________________________________
Mobile No_________________________Date______________

# The Bharat Scouts and Guides

*Creating Better India*

National Headquarters

Address: Lakshmi Mazumdar Bhawan, 16, M. G. Marg, I. P. Estate, New Delhi-110002

Website :www.bsgindia.orgEmail Id: info@bsgindia.org Phones:+91-11-23370126,23378667

To
All the State Secretaries,
State Associations of
The Bharat Scouts and Guides,
**INDIAN UNION**

**Circular No.: 150 / 2026**
**Date : 11th June 2026**

***SUB: ELIGIBILITY FOR MESSENGERS OF PEACE (MOP) RING BADGE.***

Dear Sir/Madam,

***Greetings from the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters!***

The Messengers of Peace (MoP) is a flagship initiative of World Scouting that inspires Scouts and Guides worldwide to take meaningful action in their communities by contributing to peace and sustainable development. Since its launch in 2010, the initiative has engaged nearly all 176 National Scout Organizations and inspired more than 16 million projects and actions, contributing nearly 3 billion hours of community service towards the Sustainable Development Goals (SDGs). Today, Scouting represents the world's largest coordinated youth-led contribution to the SDGs, with over **57 million Scouts** creating positive change in more than 170 countries and territories.

The Bharat Scouts and Guides, National Headquarters, awards the **Messengers of Peace Ring Badge** to eligible members of the organization who demonstrate outstanding commitment to community service and sustainable development. **To qualify for the MoP Ring Badge, an applicant must:**

1. **Project Documentation:** Upload a minimum of five (05) community service projects aligned with the SDGs on the MoP Platform: https://sdgs.scout.org/
2. **Service Hours:** Complete a minimum of 100 hours of community service.
3. **Reporting:** Submit monthly activity reports through the respective Local/District MoP Coordinators.

All State Associations are requested to encourage Scouts, Guides, Rovers, Rangers, and Adult Leaders to undertake community development activities related to peace-building and sustainable development. Participants should upload photographs, videos, and activity reports on the MoP Platform at https://sdgs.scout.org/.

Members who fulfil the above criteria will be eligible to apply for the **Messengers of Peace Ring Badge**. Eligible applicants may submit their applications by clicking the following link: https://rebrand.ly/MoP-Ring-Badge Alternatively, they may scan the designated QR Code and complete the Google Form with accurate and complete information.

The National Headquarters will scrutinize all applications and supporting records before approving the MoP Ring Badge. The badge will be issued only to those candidates who successfully meet all eligibility requirements. The decision of The Bharat Scouts and Guides, National Headquarters, regarding the MoP Ring Badge shall be final and binding. The names of the selected Messengers of Peace Ring Badge recipients will be announced by the National Headquarters after completion of the scrutiny process.

Thanking You,

Yours sincerely,

(**Amar B. Chettri**)
Joint Director of Scouts (Prog. & Trg.) &
MOP NSO Coordinator

**Copy to:-**

1. All the NHQ Office Bearers of the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters.
2. Chairman/Secretary, Railway Scout and Guide Board, Rail Bhawan, New Delhi.
3. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18 Institutional Area, Shahid Jeet Singh Marg, New Delhi - 110016.
4. The Commissioner, Navadaya Vidyalaya Samiti, Institutional Area, B-15, Sector - 62, Noida, Uttar Pradesh – 201309.
5. The Deputy Commissioner at the National Education Society for Tribal Students (NESTS), Gate No. 3A, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001.
6. The Director, DAV
7. All the District Secretaries, District Association of Dammam, Riyadh and Muscat
8. The Assistant Director, RD-SA for further follow-up.

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667


प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
**भारतीय संघ**

**परिपत्र संख्या : 150/2026**
*दिनॉक :* 11 जून, 2026

**विषयः मैसेंजर्स ऑफ पीस रिंग बैज हेतु पात्रता के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं!**

मैसेंजर्स ऑफ पीस विश्व स्काउटिंग की एक प्रमुख पहल है, जो विश्वभर के स्काउट्स एवं गाइड्स को अपने समुदायों में शांति स्थापना तथा सतत विकास के लिए सार्थक कार्य करने हेतु प्रेरित करती है। वर्ष 2010 में प्रारंभ की गई इस पहल के अंतर्गत लगभग सभी 176 राष्ट्रीय स्काउट संगठनों ने भागीदारी की है तथा 16 मिलियन से अधिक परियोजनाओं एवं गतिविधियों को प्रेरित किया है। इन प्रयासों के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लगभग 3 अरब घंटे की सामुदायिक सेवा प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में 170 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में **57 मिलियन** से अधिक **स्काउट्स** सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हैं, जिससे स्काउटिंग विश्व स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों में युवाओं के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा समन्वित योगदान बन गई है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा संगठन के उन पात्र सदस्यों को **मैसेंजर्स ऑफ पीस रिंग बैज प्रदान** किया जाता है, जिन्होंने सामुदायिक सेवा एवं सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया हो। **मैसेंजर्स ऑफ पीस रिंग बैज** प्राप्त करने हेतु आवेदक को निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करनी होंगी।

1. **परियोजना प्रलेखन** : सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित कम–से–कम 05 सामुदायिक सेवा परियोजनाओं का विवरण एमओपी प्लेटफॉर्म https://sdgs.scout.org/ पर अपलोड करना होगा।
2. **सेवा** : घंटे न्यूनतम 100 घंटे की सामुदायिक सेवा पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
3. **रिपोर्टिंग** : संबंधित स्थानीय/जिला एमओपी समन्वयकों के माध्यम से मासिक गतिविधि प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा।

सभी राज्य संघों से अनुरोध है कि वे स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं वयस्क लीडर्स को शांति स्थापना तथा सतत विकास से संबंधित सामुदायिक विकास गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करें। प्रतिभागियों को अपनी गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ, वीडियो एवं गतिविधि प्रतिवेदन एमओपी प्लेटफॉर्म https://sdgs.scout.org/ पर अपलोड करने चाहिए।

जो सदस्य उपरोक्त मानदंडों को पूर्ण करते हैं, वे **मैसेंजर्स ऑफ पीस रिंग बैज** हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे। पात्र अभ्यर्थी निम्नलिखित लिंक https://rebrand.ly/MoP.Ring.Badge पर क्लिक करके अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, वे निर्धारित QR कोड को स्कैन करके गूगल फार्म में अपनी सभी आवश्यक एवं सटीक जानकारी भर सकते हैं।

राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा सभी आवेदनों एवं सहायक अभिलेखों की ध्यान पूर्वक जांच की जाएगी, जिसके पश्चात ही एमओपी रिंग बैज को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। यह बैज केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रदान किया जाएगा जो सभी पात्रता मानदंडों को पूर्ण करेगें। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय का एमओपी रिंग बैज से संबंधित निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। पात्र चयनित मैसेंजर्स ऑफ पीस रिंग बैज प्राप्तकर्ताओं के नामों की घोषणा जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा की जाएगी।

सादर धन्यवाद,

भवदीय,

**(अमर बी0 छेत्री)**
**संयुक्त निदेशक स्काउट्स (प्रशिक्षण एवं कार्यक्रम)**
**एवं एमओपी एनएसओ कोऑर्डिनेटर**

**प्रतिलिपिः**

1. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।
2. अध्यक्ष / सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टिट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर – 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201309
5. उपायुक्त, राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति, गेट नं. 3ए, जीवन तारा भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली – 110001।
6. निदेशक, डी0ए0वी0।
7. समस्त जिला सचिवों, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं बहरीन जिला संघ।
8. सहायक निदेशक, (आरडी एण्ड एसए) भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आवश्यक कार्यवाही हेतु।

To
All the State Secretaries,
State Associations of
The Bharat Scouts and Guides,
**INDIAN UNION**

**Circular No.: 153 / 2026**
**Date : 16/06/2026**

**SUB: "MY UNIFORM STORY" – DIAMOND JUBILEE WRITING CHALLENGE – DIAMOND JUBILEE EDITION - JUNE 2026**

Dear Sir/Madam,

Greetings from the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters!

As part of the **Diamond Jubilee Celebrations**, the National Headquarters is pleased to announce **"My Uniform Story" – Diamond Jubilee Writing Challenge**, a special initiative aimed at capturing the inspiring experiences and personal journeys of members whose lives have been transformed through Scouting and Guiding.

The Scout/Guide Uniform is more than a dress; it represents values, service, leadership, friendship, discipline, and commitment. Through this writing challenge, members will have an opportunity to share how Scouting and Guiding has influenced their personal growth, shaped their character, developed leadership skills, and inspired them to serve their communities.

**Objectives**

01. To celebrate the Diamond Jubilee by documenting inspiring stories from members of the Movement.
02. To provide a platform for members to reflect on their Scouting and Guiding journey.
03. To preserve and showcase the impact of Scouting and Guiding on individual lives and communities.
04. To inspire current and future generations through real-life experiences.

**Who Can Participate:** Cubs, Bulbuls, Scouts, Guides, Rovers, Rangers, Adult Leaders, and former members of The Bharat Scouts and Guides.

**Theme: "My Uniform Story – How BSG Changed My Life"**

**Suggested Topics: Participants may write about:**

- Their first experience in the Bharat Scouts and Guides.
- A memorable camp, adventure, service project, or community activity.
- Skills, values, and leadership qualities gained through the movement.
- How the Scout/Guide Uniform inspired confidence, discipline, and responsibility.
- The impact of BSG on their education, career, or personal life.

| Submission Guidelines | • Entries may be submitted in Hindi or English.<br>• Word Limit: 500–1,000 words.<br>• Each participant may submit only one entry.<br>• The submission should include the participant's name, BSG UID No, Name of the State, District and contact details.<br>• Entries should be submitted in MS Word or PDF format and email at 75years@bsgindia.org |
|---|---|
| **Recognition** | **The Selected stories will be featured in:**<br>• The Bharat Scouts and Guides Magazine<br>• Official Social Media Platforms of BSG<br>• Diamond Jubilee Commemorative Publications |
| **Timeline** | Last Date for Submission: 31 July 2026 |

All State Associations are requested to widely circulate this information among the members and encourage maximum participation.

**Let us celebrate 75 years of the Bharat Scouts and Guides by sharing the stories behind the Uniform and the lives it has transformed.**

Thanking you.

With warm regards

Bablu Goswami 16/06/2026

**(BABLU GOSWAMI)**
**ASSISTANT DIRECTOR – PROJECT**
**NODAL OFFICER – 75 YEARS**

**Copy to: -**

1. All the NHQ Office Bearers of the Bharat Scouts and Guides, National Headquarters.
2. Chairman/Secretary, Railway Scout and Guide Board, Rail Bhawan, New Delhi.
3. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18 Institutional Area, Shahid Jeet Singh Marg, New Delhi - 110016.
4. The Commissioner, Navadaya Vidyalaya Samiti, Institutional Area, B-15, Sector - 62, Noida, Uttar Pradesh – 201309.
5. The Director, DAV
6. The Deputy Commissioner, NESTS.
7. All the District Secretaries, District Association of Dammam, Riyadh, Muscat and Bahrin.
8. All the Assistant Directors, BSG for information and follow up.

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
**भारतीय संघ**

**परिपत्र संख्या : 153/2026**
***दिनॉक : 16 जून, 2026***

**विषय: "मेरी वर्दी की कहानी" – हीरक जयंती लेखन चुनौती – हीरक जयंती संस्करण – जून 2026**

महोदय/महोदया,

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाए!**

**हीरक जयंती समारोहों** के अंतर्गत, राष्ट्रीय मुख्यालय यह सूचित करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है कि **"मेरी वर्दी की कहानी" – हीरक जयंती लेखन चुनौती** एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य उन सदस्यों के प्रेरणादायक अनुभवों और व्यक्तिगत जीवन यात्राओं को संकलित करना है, जिनका जीवन स्काउटिंग एवं गाइडिंग के माध्यम से रूपांतरित हुआ है।

स्काउट/गाइड की वर्दी केवल एक पोशाक नहीं है यह मूल्य, सेवा, नेतृत्व, मित्रता, अनुशासन एवं समर्पण का प्रतीक है। इस लेखन चुनौती के माध्यम से सदस्यों को यह अवसर मिलता है, कि वे साझा कर सकें कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग ने उनके व्यक्तिगत विकास को कैसे प्रभावित किया, उनके चरित्र का निर्माण कैसे किया, नेतृत्व कौशल को कैसे विकसित किया तथा समाज सेवा के लिए उन्हें कैसे प्रेरित किया।

**उद्देश्य**

01 हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आंदोलन के सदस्यों की प्रेरणादायक कहानियों का दस्तावेजीकरण करना।
02 सदस्यों को अपनी स्काउटिंग एवं गाइडिंग यात्रा पर आत्म–चिंतन का अवसर प्रदान करना।
03 व्यक्तियों के जीवन एवं समुदायों पर स्काउटिंग एवं गाइडिंग के प्रभाव को संरक्षित एवं प्रदर्शित करना।
04 वास्तविक जीवन अनुभवों के माध्यम से वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना।

**प्रतिभागिता हेतु पात्रता :** कब्स, बुलबुल्स, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, वयस्क लीडर्स तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पूर्व सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे।

**विषयः "मेरी वर्दी की कहानी" – किस प्रकार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने मेरे जीवन को बदल दिया"**

**सुझावित विषयः प्रतिभागी निम्नलिखित बिंदुओं पर लेखन कर सकते हैं:**

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में उनका प्रथम अनुभव।
- कोई स्मरणीय शिविर, साहसिक गतिविधि, सेवा परियोजना अथवा सामुदायिक गतिविधि।
- इस आंदोलन के माध्यम से प्राप्त कौशल, मूल्य एवं नेतृत्व गुण।
- स्काउट/गाइड यूनिफार्म ने आत्मविश्वास, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना को कैसे प्रेरित किया।
- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का उनकी शिक्षा, करियर अथवा व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव।

| | |
|---|---|
| **प्रस्तुति दिशा–निर्देश** | • प्रविष्टियाँ हिंदी या अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत की जा सकती हैं।<br>• शब्द सीमाः 500–1000 शब्द।<br>• प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकता है।<br>• प्रविष्टि के साथ प्रतिभागी का नाम, बीएसजी यूआईडी संख्या, राज्य का नाम, जिला तथा सम्पर्क विवरण अनिवार्य रूप से शामिल होना चाहिए।<br>• प्रविष्टियाँ MS Word या PDF प्रारूप में भेजी जानी चाहिए तथा ई–मेल के माध्यम से 75years@bsgindia.org पर प्रेषित की जाएँ। |
| **मान्यता** | **चयनित कहानियों को निम्नलिखित माध्यमों में प्रकाशित/प्रदर्शित किया जाएगा।**<br>• भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की पत्रिका में।<br>• भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर।<br>• हीरक जयंती स्मारक प्रकाशनों में। |
| **समय सीमा** | जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2026 |

सभी राज्य संघों से अनुरोध है कि वे इस सूचना को अपने सदस्यों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित करें तथा अधिकतम सहभागिता को प्रोत्साहित करें।

**आइए, हम सभी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वर्षों का उत्सव मनाएँ और उस यूनिफार्म के पीछे छिपी उन कहानियों को साझा करें, जिन्होंने अनेक जीवनों को रूपांतरित किया है।**

धन्यवाद

भवदीय

**(बब्लू गोस्वामी)**
**सहायक निदेशक – परियोजना**
**नोडल ऑफिसर –75वर्षों**

**प्रतिलिपिः**

1 भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।

2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।

3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।

4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।

5. निदेशक, डी.ए.वी.

6. उप आयुक्त, एनईएसटीएस।

7. समस्त जिला सचिवों, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं बहरीन जिला संघ।

8. सभी सहायक निदेशकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक अनुवर्ती कार्यवाही हेतु प्रेषित।